## एक नजर में

### 70 प्लस आयु के सभी व्यक्तियो के आयुष्मान कार्ड बनवाये: कलेक्टर

**रतलाम।** कलेक्टर राजेश बाथम की अध्यक्षता में आयुष्मान भारत जिला क्रियान्वयन इकाई की बैठक कलेक्टेट सभा कक्ष में संपन्न हुई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रृंगार श्रीवास्तव, सीएमएचओ डॉ. संध्या बेलसरे सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में आयुष्मान नोडल अधिकारी डॉ राजेश मंडलोई ने बताया कि जिला स्तरीय समिति द्वारा आयुष्मान भारत के संबंध में शिकायतों का निराकरण तथा राज्य कार्यालय से प्राप्त निर्देशों के क्रियान्वयन संबंधी कार्यवाही की जाना है। बैठक में सड़क दुर्घटना में पीड़ितों का नगदी रहित उपचार स्कीम 2025 के क्रियान्वयन मैं जिला स्तर पर चिन्हित अस्पतालों के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर संध्या बेलसरे ने बताया कि वर्तमान में आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत रतलाम शहर में 6 अस्पताल चिन्हित है। कलेक्टर राजेश बाथम ने आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत सभी पात्र हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड प्रदान करने, आयुष्मान वय वंदना योजना अंतर्गत 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी पात्र व्यक्तियों को कार्ड बनाकर प्रदान करने, धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत कार्ड बनाने तथा मध्य प्रदेश भवन एवं सन्निर्माण कर्मकार मंडल के पात्र हितग्राहियों को कार्ड बनाकर प्रदान करने के संबंध में निर्देशित किया तथा उन्होंने कार्यक्रम की बिंदुवार समीक्षा कर प्रगति प्रतिवेदन नियमित रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

### सोमवार को धूप निकली, बारिश रूकी

**रतलाम।** लगभग दो पखवाड़े से हो रही बारिश पर नये सोमवार से लगाम लगती नजर आ रही हैं। सोमवार को दिनभर धूप छाव होती रही। हालांकि तेज धूप निकलने से राहत की नजर आ रहा हैं। लगातार हो रही बारिश और पिछले 4-5 दिनों की तेज बारिश ने सभी को परेशान कर दिया था। सोमवार को तेज धूप निकले से सभी ने राहत की सांस ली। कलेक्टर कार्यालय भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार विगत 24 घंटे में रतलाम जिले में औसत 11.25 मि.मी वर्षा दर्ज की गई है। इसमें आलोट में 2 मि.मी., जावरा में 11 मि.मी., ताल में 4 मि.मी., पिपलोदा में 10 मि.मी, बाजना में 14 मि.मी., रतलाम में 4 मि.मी., रावटी में 18 मि.मी., सैलाना में 27 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। 01 जून से लेकर आज दिनांक तक रतलाम जिले में औसत वर्षा 1198.00 मि.मी दर्ज की जा चुकी है।

### आरबीएसके टीम द्वारा बच्चों का सफल ऑपरेशन कराया गया

**रतलाम।** शासन द्वारा संचालित राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत स्कूलों में और आगनवाड़ी में बच्चों का सम्पूर्ण स्वास्थ्य परीक्षण आरबीएस के डॉक्टर और टीम द्वारा किया जाता है। बाजना ब्लॉक आरबीएसके टीम द्वारा शासकीय प्राथमिक विद्यालय हालीवाडा चारपोटा में स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान एक बच्ची पायल पिता बाबू उम्र 13 साल जन्मजात विकृति कटे-फटे होठ और तालु से ग्रसित पाई गई। दूसरा बच्चा विकास पिता लालसिंह उम्र 8 वर्ष आंगनबाड़ी केंद्र में परीक्षण के दौरान ग्राम संदला में कटे फटे होंठ और तालू की जन्मजात विकृति से ग्रसित पाया गया। टीम द्वारा सतत काउंसलिंग और प्रयासों के बाद परिजनों को बच्चों का ऑपरेशन करने के लिए तैयार किया गया। 2 सितंबर 2025 मंगलवार को जिला मैनेजर आरबीएस के मोहन कछावा एवं बाल चिकित्सालय के चिकित्सकों के सहयोग से बाल चिकित्सालय में लाहोटी अस्पताल भोपाल द्वारा बच्चों के लिए जन्मजात विकृति की सर्जरी हेतु कैंप का आयोजन किया गया। जन्मजात विकृति के बच्चों का सफल ऑपरेशन लाहोटी अस्पताल भोपाल में कराया गया। चार दिन के इलाज, सर्जरी के बाद बच्चे अब बिल्कुल स्वस्थ है, बच्चों के माता पिता और परिवार जनों ने स्वास्थ्य विभाग की टीम एवं सरकार को धन्यवाद दिया।

### जैन श्वेतांबर सोशल ग्रुप मेन की अयोध्या यात्रा

**रतलाम।** श्री जैन श्वेतांबर सोशल ग्रुप मेन के संस्थापक अध्यक्ष राजेश रांका ने बताया की दिनांक 8 सितंबर 2025, सोमवार के दोपहर में 74 सदस्यों का दल रतलाम रेलवे स्टेशन से वाराणसी अयोध्या प्रयागराज की यात्रा करेगा। श्री जैन श्वेतांबर सोशल ग्रुप हर वर्ष अपने ग्रुप परिवार व बच्चों सहित देश के अनेक धार्मिक, दार्शनिक व पर्यटक स्थलों की यात्रा करता रहता है। जब इस यात्रा का प्रस्ताव आया तो सभी ने एकमत से अयोध्या, वाराणसी जाने की स्वीकृति प्रदान की। सभी साथीयो का कहना था की भगवान राम लला के चित्र मे इतना मनोहर आकर्षक है उनके मंदिर में दर्शन पुजन से अपार आनंद व आध्यात्मिक अनुभूति होगी। कलंक को मिटाने व इस भव्य मंदिर को बनाने मे देश के हजारों स्वयं सेवको ने अपने प्राणों की आहुति दी है तथा जैन परिवार के बच्चों एवं परिवारों ने प्रभु श्री रामलला मंदिर बनाने के लिए अपने प्राणों और समय श्रम की आहुति दी है। भव्य मंदिर प्रभु राम लला के दर्शन व आशीर्वाद से हमारा जीवन धन्य हो जाएगा सदस्यों का दल वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर ज्योतिर्लिंग दर्शन पूजन व काशी कॉरिडोर का भ्रमण कर जैन मंदिर के दर्शन पूजन कर क्रुज के अंदर से मां गंगा के दर्शन का लाभ लेंगे घाटों पर गंगा आरती के दर्शन करने जाएगे। प्रयागराज में त्रिवेणी संगम व लेटे हनुमान जी मंदिर के दर्शन पूजन का लाभ लेकर आशीर्वाद लेकर अपने जीवन को धन्य करेंगे। इस संपूर्ण यात्रा के सूत्र धार जिनके अथक प्रयासों से यात्रा संपन्न होगी। ग्रुप के अध्यक्ष अनिल बोहरा, सचिव निलेश पोरवाल (काकडी वाला), विपिन पुगलीया, अरुण चोपड़ा, जयवंत कोठारी, राजेश रांका, प्रवीण लोढ़ा, सुनील चपलोद, अजय गोखरू के द्वारा यह 7 दिवसीय यात्रा दिनांक 14 सितंबर रविवार को रतलाम स्टेशन पर संपन्न होगी।

### जिलाबदर आदेश का उल्लंघन करने पर गिरफ्तार

**जावरा/ढोढर।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश खाखा एवं एसडीओपी संदीप मालवीय के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रिंगनोद आनंद सिंह आज़ाद के नेतृत्व में पुलिस चौकी असावती प्रभारी शरीफ खान, आरक्षक दिनेश गुर्जर, आरक्षक रमेश पंचाल एवं सैनिक जितेंद्र परमार की टीम द्वारा एक जिला बदर आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। 16 जून 2025 को रतलाम कलेक्टर द्वारा आरोपी अर्जुनसिंह पिता प्रहलाद सिंह जाति बड़वा राजपूत, उम्र 36 वर्ष निवासी तरसिया थाना रिंगनोद को जिला बदर घोषित किया गया था। उसे रतलाम, मंदसौर, आगर मालवा, धार एवं उज्जैन जिलों की राजस्व सीमाओं से 6 माह के लिए प्रतिबंधित किया गया था। मुखबिर की पुख्ता सूचना पर पुलिस टीम ने आरोपी अर्जुन सिंह को असावती थाना रिंगनोद क्षेत्र में गिरफ्तार कर धारा 14, 15 मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 का प्रकरण पंजीबद्ध कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। गिरफ्तारी में सराहनीय भूमिका निरीक्षक आनंदसिंह आजाद थाना प्रभारी रिंगनोद, उप निरीक्षक शरीफ खान चौकी प्रभारी औद्योगिक असावती, आरक्षक दिनेश गुर्जर, आरक्षक रमेश पंचाल एवं सैनिक जितेंद्र परमार की सराहनीय भूमिका रही।

### वार्ड 5 व 7 में 12 लाख की राशि से नाला निर्माण कार्य का शुभारंभ

**जावरा।** शहर में निर्माण कार्यो निरन्तर चल रहेहै। नगर की जनता को मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने के लिए नगर पालिका अध्यक्ष अनम यूसुफ कडपा परिषद के साथ विकाश कार्यो को दृढ़ संकल्पित होकर पूर्ण कराने के लिए प्रयासरत है। इसी कड़ी में तालनाका क्षेत्र के वार्ड 5 व 7 मे आरसीसी नाला निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। यह निर्माण करीब 12 लाख की लागत से 300 मीटर से अधिक लंबा नाला अजीमोहम्मद किराना दुकान से जम्मुभाई के मकान तक दोनों ओर कवरिंग नाला निर्माण किया जाना है। यहाँ के वार्डवासी वर्षो से गंदे पानी की निकासी व साफ सफाई का अभाव झेल रहे थे। वार्ड के लोगो का कहना है कि इस परिषद व वार्ड पार्षदों ने हमारी समस्याओ को सुना। अब हमें गंदगी से मुक्ति मिलेगी। नाला निर्माण के शुभारंभ पर नगर पालिका जलकल चेयरमेन वार्ड 7 पार्षद मुस्तकीम मंसूरी, चेयरमेन व वार्ड 5 के पार्षद आशिफ कबाड़ी के साथ वार्ड के वरिष्ठ नागरिक जम्मुभाई, नासिर बाबा, नईम भाटी, मुन्ना भाई, समर्थ भाई, ठेकेदार रहीश मेव आदि उपस्थित रहे। पार्षद मुस्तकीम व आशिफ कबाड़ी ने ठेकेदार को स्पष्ट शब्दो मे कहा कार्य गुणवत्ता पूर्ण किया जाना चाहिए व समय पर पूर्ण हो।

# वाहन से गिरा बछड़े का शव को लेकर चक्काजाम, निगम गेट पर प्रदर्शन





**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल व गोरक्षा पदाधिकारी व अन्य लोगों ने सोमवार को नगर निगम चौराहे पर पहुंचकर चक्का जाम किया। सभी एक बछड़े का

**महपौर के पुलिस कार्रवाई के आश्वासन पर माने**

शव नगर निगम के कचरा वाहन से गिरने पर लोगों ने आक्रोशित थे और नगर निगम पहुंचे थे। यहां निगम गेट पर लागा मिलने से भड़क गए और चक्काजाम कर विरोध किया।

सागोद रोड स्थित जैन स्कूल के सामने वाली गली में सोमवार सुबह कचरा वाहन से बछड़े का शव गिर गया। शव को बोरे में ठूंसकर भरा गया था। लोगों ने बताया कि कचरा वाहन से बछड़े का शव गिरने के बाद भी ड्रायवर ने वाहन नहीं रोका और चला गया। जानकारी पर हिन्दू संगठन के पदाधिकारी आक्रोशित हो गए। इसके बाद वह कार में बछड़े का शव लेकर शहर में नारेबाजी करते हुए नगर निगम पहुंचे। यहां दो गेट पर निगम अधिकारियों ने ताला लगा दिया था। गेट के बाहर पुलिस तैनात हो गई थी। इससे पदाधिकारी भड़क गए। गेट पर चढ़ अंदर घुसे और पत्थर से ताला तोड़ने की कोशिश की। काफी देर तक कार्रवाई नहीं होने पर मृत बछड़े को लेकर नगर निगम तिराहे पर चक्काजाम कर दिया। बीच सड़क पर बैठ नारेबाजी की। काफी देर बाद नगर निगम कमिश्नर अनिल भाना व अन्य अधिकारी पहुंचे। चाबी से ताला खोला गया। ताला खुलने के बाद शव लेकर पदाधिकारी नगर निगम परिसर में घुस गए। यहां शव रख सभी नीचे बैठ गए। इस दौरान नगर निगम कमिश्नर, महापौर समेत निगम प्रशासन के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाए। बजरंग दल जिला संयोजक मुकेश व्यास, रिक्की सेन ने बताया कहा कि यह एक माह में दूसरी घटना हैं। बार-बार घटना से क्षेत्र में आक्रोश हैं।

**जांच के बाद होगी कार्रवाई: निगमायुक्त**

काफी देर बाद नगर निगम कमिश्नर अनिल भाना व अन्य अधिकारी पहुंचे। चाबी से ताला खोला गया। नगर निगम कमिश्नर अनिल भाना ने कहा कि जांच करवाकर जो भी दोषी होगा उस पर कार्रवाई की जाएगी।

**महापौर ने घुटने पर बैठकर की चर्चा**

काफी देर तक कार्रवाई नहीं होने पर मृत बछड़े को लेकर नगर निगम के सामने बीच सड़क पर बैठे और चक्काजाम कर दिया। कुछ देर में महापौर प्रहलाद पटेल भी पहुंचे। उन्होंने सड़क पर घुटने के बल बैठकर पदाधिकारियों से चर्चा की। बाद में महापौर ने कचरा वाहन ड्रायवर व हेल्पर को बुलाया। उनसे पूछा कि बोरा कहां से रखा था। लेकिन वह सही बता नहीं पाए। बाद में पुलिस कार्रवाई का आश्वासन पर सभी माने। फिर निगम के वाहन से बछड़े को लेकर कर्मचारी व पदाधिकारी रवाना हुए।

## दो नेत्रदान से चार नेत्रहीनों को मिलेगी नई रोशनी





**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** शहर के दो परिवारों ने अपने दिवंगत परिजनों का नेत्रदान कर समाज के लिए अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। इन नेत्रदानों से चार दृष्टिहीन व्यक्तियों को नई रोशनी मिलने की संभावना बनी है। पहला नेत्रदान चांदनी चौक निवासी स्व. बसंतीलाल कटारिया की धर्मसहयिका स्व. श्रीमती कमलाबाई कटारिया के निधन उपरांत उनके पुत्र वर्धमान कटारिया, प्रकाश कटारिया एवं परिजनों ने किया।

यह निर्णय उन्हें रतलाम रेडक्रॉस सोसायटी संचालक हेमंत मूणत की प्रेरणा से मिला। दूसरा नेत्रदान टीआईटी रोड निवासी स्व. श्रीमती ज्योति गुरयानी (पति स्व रमेश कुमार गुरयानी) के निधन उपरांत उनके पुत्र विजय, अमित एवं रवि गुरयानी द्वारा किया गया। इस कार्य के लिए उन्हें भगवान ढलवानी एवं गिरधारीलाल वर्धानी ने प्रेरित किया। नेत्रम संस्था के हेमन्त मूणत ने बताया कि दोनों ही नेत्रदान की सहमति मिलते ही गीता भवन न्यास, बड़नगर के ट्रस्टी एवं नेत्रदान प्रभारी डॉ. जी.एल. ददरवाल को सूचित किया वह अपनी टीम के मनीष तलाच, एवं नरेन्द्र राठौड के साथ रतलाम पहुंचे और नेत्रदान की विधिवत प्रक्रिया सम्पन्न की। इस दौरान उपस्थित परिजनों, रिश्तेदारों व मित्रों ने नेत्रदान की प्रक्रिया को देखा, भ्रांतियाँ दूर कीं और भविष्य में भी नेत्रदान के संकल्प को दोहराया। दोनों नेत्रदान के दौरान के समय संस्था के हेमंत मूणत, शीतल भंसाली, सुशील मीनू माथुर, भगवान ढलवानी, गिरधारीलाल वर्धानी, गोपाल राठौड़ पतरा वाला, ओमप्रकाश अग्रवाल, प्रशान्त व्यास आदि उपस्थित रहे। नेत्रम संस्था द्वारा दोनों परिवारों को प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। नेत्रम संस्था का आह्वान है कि अधिक से अधिक लोग नेत्रदान का संकल्प लें।

## श्रीमद्भागवत सप्ताह का समापन

**रतलाम।** श्री माहेश्वरी समाज के तत्वाधान में श्री रामोला मंदिर उत्सव समिति द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी रामोला मंदिर में सात दिवसीय भागवत ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया। भागवत पुराण कथा पंडित गोपाल व्यास के मुखारविंद से सभी भक्तजनों ने श्रवण किया। समाज में कार्यरत सभी संगठनों ने बारी- बारी से प्रतिदिन आरती एवं प्रसादी का लाभ लिया। भागवत सप्ताह के समापन पर माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष शैलेन्द्र डागा एवं सचिव नरेंद्र बाहेती ने भागवत वक्ता पंडित गोपाल व्यास का स्वागत किया। समापन अवसर पर समिति के विजय असावा, प्रहलाद लड्ढा, द्वारकादास भंसाली, पंकज गगरानी, मुकेश गिलड़ा, अशोक जागेटिया, महेश भंसाली, राजेश गिलड़ा, सुनील लाठी, रमेश मारोठिया, कपिल भराड़ीया आदि बहुत संख्या में समाजजनों एवं महिलाओं की उपस्थिति रही। आभार समिति के विजय असावा ने माना। उक्त जानकारी समाज अध्यक्ष शैलेंद्र डागा ने दी।

## विकास के मुद्दों पर कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप ने महापौर एवं निगम आयुक्त के साथ की चर्चा



**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** रतलाम। शहर में विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चेतन्य काश्यप ने महापौर एवं नगर निगम आयुक्त के साथ बैठक ली। इसमें शहर विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करते

**शहर में जलभराव की स्थिति न बने उसे दुरुस्त करने के दिए निर्देश**

हुए निगम के अधिकारियों को उचित कार्रवाई के निर्देश दिए। बैठक में महापौर प्रहलाद पटेल, निगम आयुक्त अनिल भाना उपस्थित रहे। मंत्री श्री काश्यप ने कहा कि बारिश में शहर में हुए जल भराव की समस्या जिन क्षेत्र में हुई है, वहां व्यवस्था दुरुस्त की जाए जिससे भविष्य में इस तरह की स्थिति निर्मित न हो एवं उन क्षेत्रों का जायजा लेकर व्यवस्था को तत्काल बेहतर किया जाए। बैठक में रतलाम में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा नेहरू स्टेडियम के विकास, मां कालिका माता लोक के विकास को लेकर की गई घोषणा के संबंध में डीपीआर तैयार करते हुए आगामी कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके साथ ही शहर में तैयार होने वाले रीजनल पार्क के बारे में जानकारी ली एवं गंगासागर से औद्योगिक क्षेत्र को जोड़ने वाली सड़क के निर्माण के संबंध में जानकारी लेते हुए उचित निर्देश दिए।

**डीपीआर की जानकारी ली**

बैठक में रतलाम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा नेहरू स्टेडियम के विकास, मां कालिका माता लोक के विकास को लेकर की गई घोषणा के संबंध में डीपीआर तैयार करते हुए आगामी कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके साथ ही शहर में अन्य कार्यों की जानकारी लेकर चर्चा की व निर्देश दिए।

## कन्या महाविद्यालय में 10 दिवसीय ऐड-ऑन कोर्स का शुभारंभ



**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अर्थशास्त्र विभाग द्वारा उद्यमिता से महिला सशक्तिकरण विषय पर दस दिवसीय एड ऑन कोर्स का उद्घाटन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्ष महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मंगलेश्वरी जोशी,

**छात्राओं को प्रोत्साहित करने लघु फिल्म दिखाई**

मुख्य अतिथि उद्यमी श्रीमती सीमा बोथरा, विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. बी वर्षा और आईक्यूएसी प्रभारी डॉ. माणिक डांगे रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ, जिसमें जया सिसोदिया एव नीता प्रजापत ने सरस्वती वंदना प्रस्तुतती दी। तत्पश्चात सभी अतिथियों का माल्यार्पण द्वारा स्वागत किया गया। अर्थशास्त्र की विभागाध्यक्ष डॉ. अनामिका सारस्वत ने अतिथि परिचय दिया और दस दिवसीय कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने छात्राओं को विषय से अवगत कराते हुए उद्यमिता एवं महिला सशक्तिकरण की अवधारणा को समझाया तथा महिला उद्यमियों पर विस्तृत जानकारी प्रदान कि।

डॉ. बी वर्ष ने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि सफलता के लिए छात्राओं में आत्मविश्वास होना आवश्यक है। आईक्यूएसी प्रभारी डॉ. माणिक डांगे ने एड ऑन कोर्स की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया। सीमा बोथरा ने बताया कि छात्राएं सोशल मीडिया के माध्यम से कैसे अपनी रुचि को व्यवसाय के रूप में बदल सकते हैं। उन्होंने कहानी और अपने स्वयं के उदाहरण से छात्राओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। प्राचार्य डॉ. मंगलेश्वरी जोशी ने छात्राओं को अपने हुनर और कौशल को लेकर आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दी और कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। छात्राओं को प्रोत्साहित करने करने के लिए उन्हें एक लघु फ़िल्म भी दिखाई गई। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. स्नेहा पंडित एवं अर्थशास्त्र विषय की सभी छात्राएं उपस्थिति रहीं। कार्यक्रम का संचालन प्रो. अनुष्का सिंह ने किया और आभार प्रो. दीक्षा गुप्ता ने व्यक्त किया।

**आत्मनिर्भर बने छात्राएं: प्राचार्य**

प्राचार्य डॉ. मंगलेश्वरी जोशी ने छात्राओं को अपने हुनर और कौशल को लेकर आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दी। साथ ही कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। इस दौरान छात्राओं को प्रोत्साहित करने करने के लिए उन्हें एक लघु फ़िल्म भी दिखाई गई।




## शिक्षक दिवस पर किया पालक शिक्षक परिषद का गठन

**नवभारत न्यूज**

**आलोट।** स्थानीय पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय आलोट जिला रतलाम 2 में शिक्षाविद्, दार्शनिक, चिंतक पूर्व उपराष्ट्रपति डॉ राधाकृष्णन का जन्मदिवस शिक्षक दिवस के रूप में मनाया गया। डॉ राधाकृष्णन के चित्र पर विद्यालय प्राचार्य शांतिलाल तेली एवं उपप्राचार्य सुचिता खुराना के साथ शिक्षकों द्वारा माल्यार्पण कर पुष्पांजलि प्रदान की। कार्यक्रम में यतीन्द्र सिसोदिया, बालेश्वर पाटीदार एवं नागेश्वर चंद्रवंशी ने उत्कृष्ट शिक्षण कार्य किया, जबकि छात्र प्रद्युम्न शर्मा द्वारा ड्रा राधाकृष्णन का अभिनय किया गया एवं अमीना मेडा, राजेश चौहान द्वारा भाषण प्रस्तुत किया गया। शिक्षकों एवं विद्यार्थियों द्वारा इनडोर गेम्स का आयोजन भी किया गया, सांध्यकालीन सभा में विद्यार्थियों गीतांशी जोशी, भावना कुमावत, मुस्कान के साथ कक्षा 11 वी के विद्यार्थियों द्वारा एकांकी प्रस्तुत की जिसमें महेश पाटीदार, मेहुल पंवार, नीलेश हाड़ा, शिवम् पाटीदार, विनोद मालवीय के साथ अन्य विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग प्रस्तुतियां प्रस्तुत की गयी। साथ ही नवोदय विद्यालय में पालक शिक्षक परिषद का गठन भी किया गया, जिसमें बैठक में विद्यालय उप प्राचार्य सुचिता खुराना द्वारा बालिकाओं सम्बन्धी, शैक्षणिक एवं भोजन व्यवस्था आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी एवं अभिभावकों हेतु निर्देश प्रदान। प्राचार्य द्वारा विद्यार्थियों की उपलब्धियों, शैक्षणिक परिणाम, विद्यालय की व्यवस्थाओं के साथ विद्यार्थियों के अनुशासन, सुरक्षा संरक्षा आदि पर चर्चा की।




## राज्य स्तरीय ओपन योद्धा कराटे चैंपियनशिप में जावरा के 14 खिलाड़ियों ने दिखाया दम

**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** डिफेंस कराते अकैडमी रतलाम के सहयोग से डिफेंस कराटे प्रशिक्षण संस्थान के तत्वावधान में राज्य स्तरीय ओपन योद्धा कराटे चैंपियनशिप 2025 का आयोजन समता इंटरनेशनल स्कूल, में किया। इस प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए हुए प्रतिभागियों ने भाग लिया। जावरा से इस प्रतियोगिता में कुल 14 खिलाड़ियों ने भाग लिया और उच्च प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम गौरवान्वित किया। खिलाड़ियों ने विभिन्न वर्गों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक हासिल किए। जानकारी देते हुए शेख शरीफ उद्दीन ने बताया कि जावरा के खिलाड़ियों की यह उपलब्धि निरंतर मेहनत, समर्पण और प्रशिक्षण का परिणाम है। उन्होंने बताया कि सभी खिलाड़ियों ने अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ प्रतियोगिता में हिस्सा लिया और भविष्य में राष्ट्रीय स्तर पर भाग लेने के लिए तैयार हैं।

**इन्होंने जीते पदक:** मयंक प्रतापसिंह राठौड़, लखन पटवाने, दक्ष चावरे, परम गोसर, अरहान खान, लकी गवली, शेख रिज़ान उद्दीन, लीना गोसर, नेहेल खान, एंजल धाकड़, इकरा ने स्वर्ण पदक हासिल किया। साथ ही शेखरफील उद्दीन, राहुल बोदाना, प्रेक्षा टुकडिया ने रजत पदक प्राप्त किया।

**धरना प्रदर्शन** | सरकार ने अगर समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए तो हम किसानों की आवाज़ को और बुलंद करेंगे

## किसान बर्बाद होगा तो गांव, शहर भी सुरक्षित नहीं रहेगा: कांग्रेस



**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** मालवा के साथ जिले के किसानों पर आसमान से आफ़त टूटी है। रतलाम जिला और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार हुई भारी बारिश से खरीफ की फसलें पूरी तरह नष्ट हो गई। सोयाबीन मूंगफली, उड़द और मक्का की फसलें पानी में डूबकर चौपट हो गई।

ब्लॉक कांग्रेस का कहना है, किसान अगर बर्बाद होगा तो गांव बर्बाद होंगे, और गांव बर्बाद होंगे तो शहर भी सुरक्षित नहीं रहेगा। सरकार का पहला कर्तव्य है किसानों को राहत देना। अगर समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो हम किसानों की आवाज़ को और बुलंद करेंगे और जनआंदोलन की राह अपनाएंगे। बताते चले कि, इस वर्ष बारिश से चौपट हुई फसलों के मुआवजे को लेकर सोमवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने जावरा एसडीम ऑफिस पर ऑफिस का घेराव करते हुए शीघ्र ही नष्ट हुई फसलों का सर्वे कराकर मुआवजा देने की मांग की। इस मौके पर रतलाम जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष हर्ष विजय गहलोत ने सरकार पर जमकर हमला बोलते हुए प्रशासनिक अधिकारियों को आडे हाथ लेते हुए शीघ्र ही नष्ट हुई फसलों का मुआवजा देने की मांग की है। संचालन ब्लॉक अध्यक्ष सुशील कोचट्टा व आभार एनएसयूआई जिला अध्यक्ष राहुल शर्मा पंचेवा ने माना।

**प्रदर्शन में यह रहे उपस्थित**

म.प्र. कांग्रेस कमेटी महासचिव मो. युसुफ कड़पा, ब्लॉक अध्यक्ष ग्रामीण प्रेमसुख पाटीदार, डॉ. हमीरसिंह राठौर, वीरेंद्र सिंह सोलंकी, नितीराज सिंह सोलंकी, राजेश भरावा, एडवोकेट वरूण श्रोत्रिय, निजाम काजी, दिलीपराव मण्डलोई, हिम्मतसिंह श्रीमाल, योगेंन्द्रसिंह सोलंकी, बलवन्त सिंह राठौर, हिरालाल मेहता, मनोहरलाल शर्मा, शांतिलाल दसेड़ा, महेन्द्र गंगवाल सिल्लू सेठ, अन्नपूर्णा पंवार, मुस्तकीम मंसुरी, पैपा पहलवान, विनोद औरा, काना हाडा, पप्पू चारो?िया, मसुद परदेसी, आसिफ कबाड़ी, यास्मिन खान, रमेश मेहता, प्रकाश मदारा, अनिल सैनी, आमिर खान, शौकत भाई, राजेश भरावा, गुड्डु पठान, हेमराज सुमन, अशौक सिसोदिया, सत्यनारायण झाला, मांगू पटेल, दाउद शैख, आमप्रकाश पाटीदार, युसुफ पठान उपस्थित थे।